कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा ।

संख्या /नायब नाजिर, दिनांक

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय गोण्डा परिसर में विगत दिनों आये चक्रवात में गिरे हुए दो सागौन के पेडों, वृक्षों की टूटी हुई डालों, एक आम के सूखे पेड तथा वृक्षों की छटाई के फलस्वरूप निकल हुए लकड़ियों की सार्वजनिक नीलामी प्रकिया द्वारा बोली दिनांक 30–08–2016 को जनपद न्यायालय गोण्डा के मीटिंग हाल मे समय 3–00 बजे दोपहर नीलामी समिति के समक्ष होनी है । बोली बोलने वाले व्यक्ति/ठेकेदार को बोली बोलने से पूर्व रूपया–10,000/– नकद जमानत राशि के रूप में नजारत अनुभाग में नायब नाजिर के पास जमा करनी होगी । नीलामी के अन्तिमीकरण के पश्चात् बोली स्वीकृत होने की दशा मे बोली की सम्पूर्ण धनराशि तत्काल बोली स्थल पर जमा करनी होगी तथा इस बात का बन्ध पत्र भी देना होगा कि बोली स्वीकृति की दशा में तीन दिवस के अन्दर अपने खर्चे पर लकडी को कटवाकर परिसर के भवन तथा बाउन्ड्रीवाल को बिना कोई नुकसान पहुंचाये सुरक्षित रूप से उन्हें उठायेगा और इस दौरान परिसर की सम्पत्ति को कोई क्षति नही पहुँचायेगा । किसी भी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा को होगा।

सदस्य
नीलामी समिति/
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम,
गोण्डा ।

संजय कुमार
सदस्य
नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0–7,
गोण्डा ।

अध्यक्ष
नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/
द्रुतगामी न्यायालय कक्ष सं0–1,
गोण्डा ।

संख्या 146/नजारत दिनांक 08·08·16

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ :–

1. कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा को सादर सूचनार्थ।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, गोण्डा को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपि वास्ते व्यापक प्रचार प्रसार हेतु :–

1. कार्यालय जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, गोण्डा को वास्ते प्रचार व प्रसार हेतु।
2. कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा ।
3. कार्यालय जिला पंचायत, गोण्डा ।
4. कार्यालय जिला वनाधिकारी, गोण्डा।
5. एन.आई.सी., गोण्डा को जनपद गोण्डा के वेवसाइट पर प्रसारित किये जाने हेतु ।
6. ओ.एस.डी. कम्प्यूटर, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को माननीय उच्च न्यायालय के वेवसाईट पर डालने हेतु ।